RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 डिजिटल डेब्यू को तैयार वाणी

वर्ष : 27 | अंक : 196 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 06 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# मुख्यमंत्री ने डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर किया नमन

## 'दो साल मनाया जाएगा 125वीं जयंती स्मृति वर्ष'





**लखनऊ ( एजेंसी )।** प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती राजधानी लखनऊ में श्रद्धा, गौरव और प्रेरणा के भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिविल अस्पताल परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की अखंडता, एकता और सांस्कृतिक अस्मिता के लिए समर्पित रहा। वे न केवल एक महान शिक्षाविद् थे, बल्कि भारतीय राजनीति के उस दौर में राष्ट्रवाद की प्रखर आवाज भी थे, जब देश दिशाहीनता की स्थिति में था।

125वीं जयंती स्मृति वर्ष की शुरुआत के तहत संस्कृति मंत्रालय आज से 6 जुलाई 2027 तक प्रदेशभर में विशेष आयोजनों की श्रृंखला चलाई जाएगी। इस दो वर्षीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को डॉ. मुखर्जी के विचार, संघर्ष और बलिदान से अवगत कराना है, ताकि नई पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके। इस अवसर पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# कांवड़ियों के लिए मोरना डिपो से हर आधे घंटे में रवाना होंगी बसें

## 11 जुलाई से रोजाना सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 40 स्पेशल रोडवेज बसों का किया जाएगा संचालन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सावन माह में शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए नोएडा परिवहन विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मोरना डिपो से 11 जुलाई से रोजाना सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 40 स्पेशल रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा, जो कांवड़ियों को हरिद्वार तक पहुंचाएंगी।

डिपो प्रबंधक के अनुसार, अतिरिक्त भीड़ की स्थिति में 10 रिजर्व बसें भी तैयार रखी गई हैं, जिन्हें जरूरत के अनुसार तत्काल रवाना किया जाएगा। हर आधे घंटे पर एक बस रवाना होगी और भीड़ बढ़ने की स्थिति में रात्रिकालीन सेवा भी चलाई जाएगी।

एआरएम रोहिताश कुमार ने बताया कि इन बसों में सफर करने वाली महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जानकारी बस कंडक्टर द्वारा ली जाएगी, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाई जा सके। यात्रियों की सहायता के लिए डिपो परिसर में एक हेल्प डेस्क और कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था की जा रही है।



### क्या नहीं ले जा सकेंगे यात्री?

12 फीट से बड़े कांवड़ बस में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

यात्री भाले, त्रिशूल या अन्य नुकीली वस्तुएं लेकर बस में यात्रा नहीं कर सकेंगे।

परिवहन विभाग ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें और दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे यह धार्मिक यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी चालकों और परिचालकों की ब्रीथ एनलाइज़र से जांच की जाएगी। साथ ही, बसें निर्धारित रूट से ही चलेंगी और उनकी सफाई व रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# ऋ षिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें बंद

**उत्तरकाशी ( एजेंसी )।** यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। मौसम का साथ मिलने पर विभाग ने काम में तेजी लाई। इसके साथ ही स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था।

प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों का बंद होने का सिलसिला जारी है। राज्य में ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में दो, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में छह ग्रामीण, अल्मोड़ा में एक राजमार्ग और एक ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में तीन ग्रामीण, देहरादून में दो ग्रामीण और टिहरी जिले में तीन ग्रामीण सड़के मलबा आने से बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद सड़कों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।



उत्तराखंड में आज से फिर मानसून रफ्तार पकड़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने छह जुलाई को रुद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर और देहरादून में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उधर, मलबा आने से सड़कों के बंद होने का सिलसिला जारी है। यमुनोत्री हाईवे समेत प्रदेश में 67 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग ने अन्य जिलों में भी तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# स्क्रैप माफिया रवि काना समेत 23 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस कमिश्नरेट ने स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके गिरोह पर शिकंजा कसते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बीटा-2 थाना पुलिस ने रवि काना समेत 23 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया है। इस गिरोह पर लंबे समय से जबरन वसूली, धोखाधड़ी और आर्थिक अपराधों में लिप्त होने का आरोप है।

बीटा-2 कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गिरोह के सरगना रवि काना उर्फ रविंद्र सिंह और उसका करीबी पंकज पाराशर समेत कई आरोपी पहले से ही गंभीर मामलों में जेल में बंद हैं।

गिरोह के सदस्य मिलकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर दबाव बनाते थे और कम कीमत पर स्क्रैप ठेके हासिल कर उन्हें




अधिक मूल्य पर बेचकर भारी मुनाफा कमाते थे। डरा-धमकाकर ठेके हथियाने और ब्लैकमेलिंग के जरिए अवैध वसूली गिरोह की आम रणनीति थी।

जांच में सामने आया है कि गिरोह ने कई निर्दोष व्यक्तियों और व्यवसायियों के खिलाफ फर्जी खबरें प्रसारित कर उन्हें बदनाम किया, और फिर उनसे बड़ी रकम की वसूली की गई। वसूले गए अवैध धन को बिल्डर देव शर्मा के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में निवेश किया जाता था।

### इन लोगों पर दर्ज हुआ गैंगस्टर एक्ट

पुलिस ने जिन 23 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है, उनमें शामिल हैं रवि नागर उर्फ रविंद्र सिंह उर्फ रवि काना, पंकज पाराशर, सूरज, राजेंद्र सिंह, महकार सिंह, फिरोज खान, अवधेश सिसोदिया, देव शर्मा, हरवीर सिंह, विवेक कुमार, बबीता, विकास नागर, अनिल उर्फ मिंटू नागर, शमशीर हसन, पूनम, अवध उर्फ बिहारी, राजकुमार नागर, आजाद नागर, तरुण छोंकर, काजल झा, मधु नागर, महक और विकास कुमार।

# भारी उमस के बीच दिल्ली के कई इलाकों में झमा-झम बारिश



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उमस भरी गर्मी के बीच आज दिल्ली के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। बारिश होने के बाद मौसम सुहाना हो गया है। लक्ष्मी नगर, वेस्ट विनोद नगर, पटपड़गंज, फिरोजशाह रोड, पंडित पंत मार्ग में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। आज आसमान में बादल छाए रहेंगे। शाम तक एक बार फिर से बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आजयेलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार को भी दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

दिल्ली में इस महीने अब तक पांच दिनों में दिल्ली में सामान्य से 82 फीसदी कम बारिश हुई है। इस महीने अब तक दिल्ली में 4.1 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य (23.3 मिमी) से 19.2 मिमी कम है।

मौसम विभाग के अनुसार, 7, 8 और 9 जुलाई को दिल्ली में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। 7, 8 और 9 जुलाई को दिल्ली में विभिन्न इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें देखी जा सकती हैं। ऐसे में 7, 8 और 9 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जाएगा।

# मुठभेड़ में तीन बदमाश घायल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चोरी की कार, बाइक, 10 लाख के आभूषण, नकदी और अवैध हथियार बरामद





**नोएडा ( चेतना मंच )।** रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच दो अलग-अलग थाना फेस-3 और सूरजपुर में मुठभेड़ की घटनाएं सामने आईं। दोनों ही मामलों में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया, जिनमें से तीन के पैरों में गोली लगी है। बदमाशों के कब्जे से चोरी की बाइक, एक किया कार, 10 लाख रुपये के आभूषण, नकदी और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

फेस-3 पुलिस टीम चेकिंग अभियान पर थी, तभी एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

बदमाशों के पास से चोरी की मोटरसाइकिल, लगभग 10 लाख के सोने-चांदी के आभूषण, एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

गिरफ्तार बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की कई वारदातों में शामिल रहा है और उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र में भी चेकिंग के दौरान पुलिस और तीन बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि तीसरे को पुलिस ने कॉम्बिंग ऑपरेशन के बाद पकड़ लिया।

बदमाशों के पास से चोरी की एक Kia कार, 6,000 नकद, चोरी का अन्य सामान, अवैध हथियार बरामद किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह पहले भी कई जिलों में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

# नया भविष्य

वाह कप्तान शुभमन गिल! क्या शानदार उपलब्धि हासिल की है कि 25 साल 297 दिन की उम्र का बल्लेबाज शुभमन गिल भी मंसूर अली खां पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली सरीखे टीम इंडिया के ऐतिहासिक बल्लेबाजों की श्रेणी में प्रवेश कर गया। टेस्ट कप्तान के तौर पर गिल ने 269 रन (30 चौके और 3 छक्के) की जो विराट पारी खेली है, उससे वह 'सर्वोच्च कप्तान' बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ, इंग्लैंड की सरजमीं पर, गावस्कर ने 1979 में 221 रन और 'दीवार' द्रविड़ ने 2002 में 217 रन की 'सुपर पारियां' खेली थीं, लेकिन वे टीम के कप्तान नहीं थे। ऐसे ऐतिहासिक बल्लेबाजों के कीर्तिमानों को पीछे छोड़ कर 269 रन का अपना 'मील पत्थर' स्थापित करना कितना सुखद और गुदगुदाने वाला लगता होगा! शुभमन ने टीम इंडिया के 'विराट बल्लेबाज' विराट कोहली के अभी तक के विराट स्कोर 254 रन को भी पीछे छोड़ दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ वह मैच पुणे (भारत) में खेला गया था। बल्लेबाजों की कतार में 319 रन ठोंकने वाले वीरेंद्र सहवाग वाकई 'सर्वोच्च' रहे, हालांकि वह टीम कप्तान कभी नहीं रहे। करुण नायर ने भी 300 रन का आंकड़ा पार किया है, हालांकि वह करियर के दूसरे चरण में अभी 'अग्नि-परीक्षा' के दौर से गुजर रहे हैं। वीवीएस लक्ष्मण ने भी स्टीव वॉ की ऑस्ट्रेलियाई अजेय टीम के खिलाफ 281 रन बनाए थे, लेकिन शुभमन गिल की अप्रतिम उपलब्धि यह है कि वह टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान हैं और अपेक्षाकृत युवा और नए अनुभव वाले खिलाड़ी हैं। पूरी टीम ही युवा और नई है। यह भारतीय क्रिकेट का संक्रमणकाल है। दिग्गज और शतकवीर बल्लेबाज सेवामुक्त हो चुके हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर कप्तान के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के बॉबी सिम्पसन की 311 रन (1964) और दक्षिण अफ्रीका के युवा ग्रीम स्मिथ की 277 रन (बर्मिंघम, 2003) की पारियों के बाद शुभमन तीसरे स्थान पर हैं। वे दिग्गज बल्लेबाज भी अतीत हो चुके हैं। सिर्फ गिल ही मौजूदा दौर में खेल रहे हैं, लिहाजा 269 रन का कीर्तिमान भी अतुलनीय है। गिल अपनी कप्तानी में दूसरा टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं। उन्हें कई और मील-पत्थर पार करने हैं। कप्तान शुभमन एशिया के भी 'सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज' बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के तत्कालीन कप्तान दिलशान की 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ खेली 193 रनों की पारी को भी पीछे कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि शुभमन का प्रथम दोहरा शतक लगभग त्रुटिहीन और सटीक था। उन्होंने मात्र 3.5 फीसदी शॉट्स ही गलत खेले। बहरहाल इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 587 रनों का पहाड़ बुन दिया है। यह कथन इसलिए सही है, क्योंकि इंग्लैंड के 3 शतकवीर बल्लेबाज मात्र 25 रनों पर ही ढह गए हैं। यह बड़ी विराट चुनौती है। यह इंग्लैंड की सरजमीं पर 18 लंबे सालों के बाद संभव हुआ है, जब टीम इंडिया ने 500 रनों का आंकड़ा पार किया है। यह संभव इसलिए हो सका, क्योंकि गिल ने ऐतिहासिक 269 रन की पारी खेली, भारत ने 371 रन पांच विकेट गिरने के बाद बनाए। यह इतिहास का टीम इंडिया का सर्वोच्च स्कोर है। गिल एक ही सीरिज में 400 रन बनाने के बहुत करीब पहुंच गए हैं। यह पांच मैचों की श्रृंखला है। यदि गिल ऐसे ही खेलते रहे, तो न जाने कितने और इतिहास रचे जाएंगे। बहरहाल यह भारत के भविष्य की क्रिकेट टीम है। इन्हीं खिलाडियों में से सचिन, द्रविड़, सौरव, विराट, रोहित आदि विराट खिलाड़ी बनने हैं। कई अग्नि-परीक्षाएं देनी हैं। इंग्लैंड ही अंतिम परीक्षा नहीं है। खेल के किसी भी विभाग में जो खामियां हैं, डर है, आशंकाएं हैं, उन पर विजय प्राप्त करनी है। देश तब भी आशंकित और सवालिया मुद्रा में था, जब शुभमन को टीम इंडिया का टेस्ट कप्तान घोषित किया गया। यह खेल टी-20 से बिल्कुल भिन्न है, लेकिन शुभमन ने अपने नेतृत्व की बानगी भी दी है। वह साथियों से लगातार संवाद करते हैं और साथियों के सुझाव भी सुनते हैं। फिर खेल की रणनीति तय करते हैं। वह नाकामी को भी पूरे समर्पण के साथ ग्रहण करते हैं। बहरहाल टीम इंडिया का नया भविष्य हमें तो उज्ज्वल और सकारात्मक लगता है। टीम इंडिया को इसी लय के साथ आगे भी खेलना होगा।

# सेकुलर और सोशलिस्ट को लेकर सियासी रार

इतिहास ने जब किसी कालखंड को काला अध्याय के रूप में स्वीकार कर लिया हो, तब उस कालखंड में लिए गए निर्णयों को वैधानिक कैसे माना जा सकता है। आपातकाल स्वाधीन भारत की तवारीख का काला दौर ही है। उसी दौर में संवैधानिक संशोधन के जरिए संविधान की प्रस्तावना में 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द जोड़े गए। ऐसे में इन शब्दों को हटाने की मांग पर विमर्श होना चाहिए, लेकिन हो रहा है विवाद। इसकी वजह यह है कि यह मांग खुलेतौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की है। संघ की ऐसी आवाजें गैर बीजेपी दलों को अक्सर चुभती रही हैं। कांग्रेस ने इस बहाने संघ पर अपना पुराना आरोप दोहराना शुरू कर दिया, कि संघ और बीजेपी संविधान को बदलने की कोशिश में हैं। दिलचस्प यह है कि आपातकाल में कांग्रेसी अत्याचारों के शिकार हुए समाजवादी धड़े के दल भी संघ विरोध में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।



**जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया।**

सबसे पहले हमें जानना चाहिए कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बारे में क्या कहा है। आपातकाल की पचासवीं बरसी पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े गए। ये शब्द पहले नहीं थे। बाद में इन्हें निकालने की कोशिश नहीं हुई। ये शब्द संविधान में रहना चाहिए। इस पर विचार होना चाहिए।'

जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय सत्ता में आई है, तभी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एक रट लगाए हुए हैं कि बीजेपी और संघ संविधान बदलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान तो उनकी अगुआई में समूचे विपक्ष ने इसे बार-बार दोहराया। नई लोकसभा के गठन के दौरान विपक्षी सांसदों ने शपथ लेते वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति थामे रखी। अंतर बस यह रहा कि कांग्रेसी सांसदों के हाथ में लाल रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही तो दूसरे दलों के सांसदों के हाथों में नीले रंग के कवर वाली संविधान की प्रति रही। शपथ लेते वक्त भी विपक्षी सांसदों ने देश को संदेश देने की कोशिश की कि बीजेपी संविधान बदलना चाहती है और वे इसे बदलने नहीं देंगे। दत्तात्रेय होसबाले के बयान के बाद एक बार भी कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल ऐसी ही बयानबाजी में मसरूफ हो गए हैं।

संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 42वें संशोधन के जरिए जोड़े गए थे। इसी के साथ लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल पांच की बजाय छह साल कर दिया गया था। 1977 के आम चुनावों के बाद सत्ता में आई जनता पार्टी की सरकार ने दिसंबर 1978 में संविधान के 44वें संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान किए गए संवैधानिक बदलावों को बदल दिया। जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल को फिर से पांच साल करना शामिल था। लेकिन संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्दों को हटाने का प्रयास नहीं हुआ।

संघ की मांग का आधार मूल संविधान की प्रस्तावना है। जिसमें ये दोनों शब्द शामिल नहीं किए गए थे। ऐसा नहीं कि ऐसा करने की मांग नहीं हुई थी। संविधान सभा के सदस्य केटी शाह ने 15 नवंबर 1948 को संविधान के मसौदे में संशोधन प्रस्ताव रखते हुए भारत को 'धर्मनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों का संघ' बनाने माँग की। लेकिन अंबेडकर ने इसे खारिज कर दिया। तब अंबेडकर ने कहा था, 'राज्य की नीति क्या होनी चाहिए, समाज को उसके सामाजिक और आर्थिक पक्ष में कैसे संगठित किया जाना चाहिए, ये ऐसे मामले हैं जिनका निर्णय लोगों को समय और परिस्थिति के अनुसार स्वयं करना चाहिए।' अंबेडकर का मानना था कि अगर संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद को जोड़ दिया जाता है तो यह भावी पीढ़ियों को उनका रास्ता चुनने की स्वतंत्रता को सीमित करेगा। उन्होंने कहा, 'इसे संविधान में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि यह लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट कर देगा।' नेहरू की भी सोच थी कि भारतीय संविधान का चरित्र ही धर्मनिरपेक्ष है, इसलिए उसकी प्रस्तावना में इसे अलग से जोड़ने की जरूरत नहीं है।

कांग्रेस हो या फिर दूसरे विपक्षी दल, उन्हें आज के दौर में जब भी बीजेपी पर हमला या फिर संघ को कठघरे में खड़ा करना होता है, वे अंबेडकर के संविधान को याद करने लगते हैं। अंबेडकर के मूल्यों की रक्षा की बात करने लगते हैं। ऐसे में उनके सामने यह सवाल जरूर उठता है कि क्या आपातकाल थोपा जाना अंबेडकर के विचारों का सम्मान था और अगर वह नहीं था तो फिर सेकुलर और समाजवादी शब्दों का प्रस्तावना में शामिल होना सही कैसे है? एक और सवाल यह है कि जब आपातकाल ही नाजायज और अवैधानिक था तो फिर उस दौरान उठाए गए किसी कदम को जायज और संवैधानिक कैसे स्वीकार किया जा सकता है? सवाल यह भी है कि आपातकाल के दौरान इंदिरा ही कार्यपालिका हो गई थीं, जिनके सामने न्यायपालिका और विधायिका एक तरह से अधिकारहीन हो चुकी थीं, तो उनके द्वारा लिए गए निर्णय सही कैसे हो सकते हैं? संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए इन शब्दों की एक सीमा यह भी है कि इनकी कोई व्याख्या नहीं है। इसलिए जिसकी जैसी सोच होती है, इनकी व्याख्या कर डालता है।

केशवानंद भारती केस में सर्वोच्च न्यायालय कह सकता है कि संविधान की बुनियादी आत्मा को नहीं बदला जा सकता। इस नजरिए से भी देखें तो प्रस्तावना में जोड़े गए ये दोनों ही शब्द सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के ठीक उलट हैं। इन दोनों शब्दों के जोड़े जाने के बाद ही संविधान का अलग ही रूप और चरित्र दिखने लगा है। जिसके आधार पर ज्यादातर कार्यपालिका और विधायिका फैसले लेने लगी है। कुछ जानकार तो मानते हैं कि कई सामाजिक समस्याओं की वजह ये दोनों शब्द ही हैं। जिनके चलते संवैधानिक संस्थाएं भारत के बुनियादी चरित्र के उलट कदम उठाती रहती हैं या फैसले लेती रहती हैं। अल्पसंख्यकवाद को बढ़ावा देने में इन दोनों शब्दों का योगदान सबसे ज्यादा है। इन्हीं शब्दों के चलते तुष्टिकरण की राजनीति को भी बढ़ावा मिला है। इन शब्दों से मिले कवच की वजह से बिखंडनकारी तत्व हावी हुए हैं, जो लगातार भारतीय समाज के बिखराव को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रस्तावना में आए बदलावों ने शासन के चरित्र को ही नहीं, प्रशासन की सोच को भी बदला है। लेकिन कभी इस नजरिए से इन शब्दों की सीमा को मापने और उनके असर को पहचानने की कोशिश नहीं हुई।

कुछ महीने बाद बिहार विधानसभा के चुनाव हैं। कांग्रेस संघ की इस अपील को चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश जरूर करेगी। बिहार के प्रमुख विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस मुद्दे पर कांग्रेस का साथ जरूर दिया है, लेकिन कांग्रेस की तरह आक्रामक मुद्दा में नहीं है। इसकी वजह यह है कि बीजेपी और संघ आपातकाल के लिए लगातार कांग्रेस से माफी की मांग भी कर रहे हैं। आरजेडी प्रमुख लालू यादव भी आपातकाल के पीड़ित हैं और उन दिनों वे बीजेपी के पूर्ववर्ती संगठन जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ थे। आपातकाल के बाद हुए चुनावों में ही उन्होंने छपरा से लोकसभा का चुनाव जीता था। ऐसे में उनके लिए आपातकाल के मुद्दे पर देर तक कांग्रेस का साथ देना आसान नहीं होगा। लिहाजा उनकी कोशिश होगी कि इस मुद्दे को कांग्रेस उठाए और पीछे से उसका साथ वे देते रहें। इस रणनीति के जरिए उनकी कोशिश है कि बीजेपी की अगुआई वाले गठबंधन से सत्ता छीन लें। लेकिन संघ इस मांग से उस तरह पीछे हटता नहीं दिख रहा, जिस तरह 2015 के चुनावों के दौरान आरक्षण पर आए मोहन भागवत के बयान से उपजे विवाद के चलते पीछे हटता दिखा।

कांग्रेस ने अब तक आपातकाल को लेकर अपनी गलती नहीं मानी है। संघ की मांग के चलते यह मुद्दा उछल रहा है। जैसे-जैसे इस मुद्दे की तासीर बढ़ेगी, वैसे-वैसे कांग्रेस के लिए अपना बचाव कर पाना आसान नहीं होगा। क्योंकि वह कैसे साबित कर पाएगी कि आपातकाल सही था? अगर वह आपातकाल को सही नहीं ठहरा पाएगी तो वह किस तरह साबित करेगी कि प्रस्तावना में किया गया बदलाव सही था। कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यही है। चूंकि संघ के पास सीधे तौर पर कोई वैधानिक ताकत नहीं है। लेकिन विमर्श के बहाने वह इन शब्दों के औचित्य के साथ ही कांग्रेस की तब की करतूत की याद को जीवंत बनाए रखना चाहता है। इसके जरिए निश्चित तौर पर एक ऐसा लोकमानस बनेगा, जो इन शब्दों का विरोधी होगा।

**-उमेश चतुर्वेदी**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि (अंत में) हृदय में सोच-विचारकर, गो का रूप धारण कर धरती वहाँ गई, जहाँ सब देवता और मुनि (छिपे) थे। पृथ्वी ने रोककर उनको अपना दुःख सुनाया, पर किसी से कुछ काम न बना॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सुर मुनि गंधर्बा मिलि करि सर्बा गे बिरंचि के लोका।**
**सँग गोतनुधारी भूमि बिचारी परम बिकल भय सोका॥**
**ब्रह्माँ सब जाना मन अनुमाना मोर कछू न बसाई।**
**जा करि तैं दासी सो अबिनासी हमरेउ तोर सहाई॥**

तब देवता, मुनि और गंधर्व सब मिलकर ब्रह्माजी के लोक (सत्यलोक) को गए। भय और शोक से अत्यन्त व्याकुल बेचारी पृथ्वी भी गो का शरीर धारण किए हुए उनके साथ थी। ब्रह्माजी सब जान गए। उन्होंने मन में अनुमान किया कि इसमें मेरा कुछ भी वश नहीं चलने का। (तब उन्होंने पृथ्वी से कहा कि) जिसकी तू दासी है, वही अविनाशी हमारा और तुम्हारा दोनों का सहायक है॥

**धरनि धरहि मन धीर कह बिरंचि हरि पद सुमिरु।**
**जानत जन की पीर प्रभु भंजिहि दारुन बिपति॥**

ब्रह्माजी ने कहा-हे धरती! मन में धीरज धारण करके श्री हरि के चरणों का स्मरण करो। प्रभु अपने दासों की पीड़ा को जानते हैं, वे तुम्हारी कठिन विपत्ति का नाश करेंगे॥

**बैठे सुर सब करहिं बिचारा। कहँ पाइअ प्रभु करिअ पुकारा॥**
**पुर बैकुंठ जान कह कोई। कोउ कह पयनिधि बस प्रभु सोई॥**

सब देवता बैठकर विचार करने लगे कि प्रभु को कहाँ पावें ताकि उनके सामने पुकार (फरियाद) करें। कोई बैकुंठपुरी जाने को कहता था और कोई कहता था कि वही प्रभु क्षीरसमुद्र में निवास करते हैं॥

**(क्रमशः... )**

# भगदड़ के बाद (व्यंग्य)

कहीं भीड़ हो जाए और वक्त की बदकिस्मती के कारण भगदड़ में परिवर्तित हो ले, कुछ लोग मर जाएं, काफी लोग नरक में चले जाएं, हो सकता है चुनिंदा लोग स्वर्ग में जगह पा लें लेकिन ऐसी दुर्घटना के बाद बैठक ज़रूरी हो जाती है। इत्तफाक की बात यह है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समझदार लोग हों न हों लेकिन भीड़ के अनियंत्रित होने के बाद मची भगदड़ के बाद आयोजित हुई बैठक में कई बार भीड़ इक्कठी हो जाती है जहां हर कोई श्रद्धांजलि पकड़ाना चाहता है।

वैसे गलती तो भीड़ बनने वालों की है लेकिन एक बार मिली ज़िंदगी में, कुछ विशाल आयोजनों की भीड़ में शामिल नहीं हुए तो क्या किया। जब भीड़ भगदड़ में तब्दील हो जाएगी तो कुछ लोगों को मारेगी कुछ को घायल करेगी, उसके बाद ही तो प्रबंधन विचार कर सकता है कि क्या व्यवस्था होनी चाहिए। जो काम हो नहीं सकते उनके बारे सोच विचार किया जाता है कि होने चाहिए। कह रहे हैं कि प्रबंधन की विस्तृत रिहर्सल होनी चाहिए। मॉक ड्रिल होनी चाहिए। आयोजक, पुलिस और प्रशासन का समन्वय पहले से होना चाहिए। अभी तक पता नहीं चला कि सरकारी विभाग समन्वय क्या होता है जी।



नैसर्गिक बुद्धि तो फेल हो चुकी है अब तो एआई ही बताए कि अमुक आयोजन में कितनी भीड़ हो सकती है और कितना तेज़ी से मूव कर सकती है। आसमान में खूब ड्रोन उडाएं जाएं जो रियल टाइम मानिटरिंग करें। स्पष्ट दिशा निदेश देने के इंतजाम हों। इलाके में चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी लगाए जाएं जिनका स्वास्थ्य ठीक हो जो थोड़ा मुश्किल हो सकता है। प्रवेश बिंदु और क्रासिंग टर्न पर भीड़ की भगदड़ हो जाने की आशंका ज़्यादा होती है इसलिए वहां मेडिकल टीम तैनात हो ताकि चोट लगते ही सहायता मिल सके, यह सही सलाह है। कहते हैं बैरीकेड लगाए जाएं हालांकि भीड़ को ऐसी चीज़ें पसंद नहीं आती इसलिए इन्हें हटा देती हैं। भीड़ का मनोविज्ञान समझने वाले प्रशिक्षित वालंटियर खुद भीड़ का हिस्सा हो जाते हैं।

**नैसर्गिक बुद्धि तो फेल हो चुकी है अब तो एआई ही बताए कि अमुक आयोजन में कितनी भीड़ हो सकती है और कितना तेज़ी से मूव कर सकती है। आसमान में खूब ड्रोन उडाएं जाएं जो रियल टाइम मानिटरिंग करें।**

एक दिलचस्प सुझाव आया कि प्रति वर्ग मीटर जगह में दो से ज्यादा लोग न हों। इनमें से ज्यादातर बातें हैं, बातों का क्या। हमारे यहां भीड़ जमा होने से पहले ही आसन, प्रशासन और अनुशासन सुरक्षित जगह पर शरण ले लेता है। मज़ेदार यह है कि भीड़ में हुई भगदड़ के बाद जो बैठक आयोजित होती है उसमें पेश किए जा रहे विभिन्न विचारों और सलाहों का प्रबंधन उग्र भीड़ प्रबंधन से कम कठिन नहीं होता। मीटिंग स्थल के बाहर भी वाहनों की भीड़ रेंगती रहती है। सिर्फ एक वाहन चालक, ट्रैफिक को परेशान कर देता है। कुछ दूरी पर ट्रैफिक कर्मचारी मोबाइल से रिलेक्स हो रहे होते हैं।

बैठक में हम ऐसी बातों पर विचार नहीं कर सकते कि जहां जितनी जगह है उसके हिसाब से उचित अनुमान लगाकर, श्रद्धालुओं या खेल प्रेमियों को क्यूं नहीं भेज सकते, क्यूंकि हमारे यहां भीड़ की भगदड़ में, भीड़ की तरह तरह की भावनाओं की भीड़ भी तो होती है।

**- संतोष उत्सुक**

# राशिफल

**आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
किसी भी तरह का कोई रिस्क न लें, खासतौर पर शारीरिक रिस्क। प्रेम-संतान करीब-करीब ठीक है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। धन का आवक बढ़ेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
शत्रु परास्त होंगे। कार्यों विघ्न-बाधा के साथ संपन्न होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होने के बावजूद भी घरेलू सुख बाधित रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। अगर आपने कुछ सोचा है तो उसे पूरा करें। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कुटुंब में वृद्धि। धन का आवक बढ़ेगा। निवेश मत करिए। जुबान पर काबू रखिए।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
अज्ञात भय सताएगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा मिल सकता है। बाकी प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन का आवक बढ़ेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। नए स्रोत से भी रुपए-पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा।

# योगी सरकार बौद्ध-सिख श्रद्धालुओं को करायेगी तीर्थ, 10 हजार रुपये भी देगी

## पांच पवित्र सख्त साहिब स्थल की यात्रा, ऑनलाइन आवेदन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति में आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों को उनकी आस्था से जुड़े स्थलों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करे।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर धर्मार्थ कार्य विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं हेतु 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' और सिख श्रद्धालुओं के लिए 'पंच तख्त यात्रा योजना' प्रारम्भ की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा सुलभता से कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू/बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। उन्होंने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'पंच तख्त यात्रा योजना' सिख श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की जाएगी। इसके अन्तर्गत प्रदेश के निवासी सिख श्रद्धालुओं को भारत के पाँच पवित्र 'तख्त साहिब' स्थल की यात्रा कराई जाएगी। सिख पंथ के लिए पवित्र पंच तख्त स्थलों में आनंदपुर साहिब, पंजाब, अकाल तख्त साहिब, अमृतसर, पंजाब, दमदमा साहिब, तलवंडी साबो, पंजाब, तख्त सचखंड हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र, हरमंदिर साहिब (पटना साहिब), बिहार' सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जानी चाहिए। श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनो ही योजनाएं आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से संचालित की जाएंगी। दोनों प्रस्तावित योजनाओं में प्रति व्यक्ति न्यूनतम 10,000 रुपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। यह योजनाएं प्रदेश की समावेशी विकास नीति और 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और सशक्त करेंगी। प्रदेश की धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी, साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करेंगी।

# नोएडा में निकली भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा, जुटे हज़ारों भक्त



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-121 स्थित गढ़ी चौखंडी के श्रीजगन्नाथ मंदिर में वार्षिक रथयात्रा महोत्सव इस वर्ष भी अपार श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। नोएडा शहर में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में नोएडा शहर के 5 हज़ार से ज़्यादा लोगों ने भाग लेकर पुण्य लाभ हासिल किया। नोएडा में बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ के भक्त रहते हैं

आपको बता दें कि नोएडा शहर में शाम को 3.30 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन की बहुडा यात्रा बाबा बालकनाथ मंदिर, सेक्टर 71 से शुरु होकर सेक्टर-121 स्थित 'श्री रत्न क्षेत्र' मे बडे हर्ष उल्लास के साथ पहुँचा। इस पावन आयोजन में लगभग 5,000श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित भाग लिया।

दोपहर दो बजे 'पाहंडी बीजे' की रस्म प्रारंभ हुई, जिसमें सेवकों द्वारा चारों विग्रहों को 24 फीट ऊंचे रंग-बिरंगे रथ पर विधिपूर्वक विराजमान किया गया। पूरा वातावरण 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। रथयात्रा की खास बात यह रही कि भक्तों ने रथ को लगभग तीन किलोमीटर दूर सेक्टर-71 स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर से खींचते हुए भगवान को सेक्टर-121 'श्री रत्न क्षेत्र' श्री मंदिर तक पहुंचाया। रथ के वहां पहुंचने पर भक्तों की श्रद्धा और भावनाओं का दृश्य अत्यंत भावुक और अविस्मरणीय रहा।

पूरे आयोजन की रूपरेखा और संचालन श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ त्रिपाठी, महासचिव डॉ. मनोरंजन मोहंती, उपाध्यक्ष प्रमोद बल और निगमानंद मोहंती, संयुक्त सचिव धनेश्वर नायक, एवं कार्यकारिणी सदस्य दिलीप स्वैन, अक्षय स्वैन, प्रशांत खिल्लार, अभिमन्यु परिडा, रमेश नायक, प्रकाश राय, ए.आर. परीजा, भरत प्रधान और किशोर परिडा सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# विकास कार्यक्रमों में लापरवाही नहीं होगी क्षम्य: प्रभारी मंत्री

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनहितकारी विकास कार्यक्रमों को गति प्रदान करने एवं कल्याणकारी योजना का लाभ जन-जन तक सुगमता के साथ पहुंच सके इस उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में संचालित विकास परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनता को योजनाओं का लाभ शीघ्र एवं पारदर्शी तरीके से प्राप्त हो।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण, जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता परक समाधान एवं जनता से सीधे संवाद के माध्यम से शासन की योजनाओं को पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जन भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करें, जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ समय से मिल सके।




जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया गया कि विकास कार्यक्रमों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उनके द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराते हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में और अधिक गतिशीलता लाने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, अध्यक्ष नगर पालिका दादरी गीता पंडित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ठगी गिरोह का मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बिसरख थाना क्षेत्र में एक कारोबारी दो लाख रुपये के फायदे के लालच में दस लाख रुपये की ठगी का शिकार हो गया। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग के मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लोकेश मिश्रा उर्फ अनिल शर्मा, पवन कुमार मिश्रा, संजीव तीनों को रोजा याकूबपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से ठगी की वारदात में प्रयोग की गई दो गाड़ियाँ और 4 लाख 83 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, पीड़ित कारोबारी को उसके परिचित विवेक मिश्रा ने पवन कुमार मिश्रा से मिलवाया, जो गाजियाबाद में लॉजिस्टिक का काम करता है। पवन ने कारोबारी को झांसे में लेते हुए कहा कि यदि वह 500-500 के 10 लाख रुपये देगा, तो बदले में तुरंत 100 और 200 रुपये के रूप में 12 लाख रुपये वापस मिलेंगे। जल्द मुनाफे के लालच में कारोबारी और उसका दोस्त राजी हो गए और तय स्थान चेरी काउंटी, बिसरख स्थित एक पेट्रोल पंप पर पहुंचे। वहीं पवन ने अपने साथी लोकेश को नकदी दिखाई और फिर मौका देखकर तीनों आरोपी पीड़ित से 10 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्व्य, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.:** 1 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शकूरबस्ती स्थित गिट्टी डिपो में जल निकासी व्यवस्था में सुधार और फर्श उपलब्ध कराना। **अनुमानित लागत:** रू. 3,77,98,859.85/-, **धरोहर राशि:** रू. 3,39,000/-, **समापन अवधि:** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.07.2025. **सूचना:** निविदा रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 29.07.2025 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।

**पत्रसं.: 128-डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं./निविदा-07-25-26-डब्ल्यु सी दिनांक 04.07.2025** 2027/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड सं0-01, सेक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in ई-मेल: authority@gnida.in

**पत्रांक: वरि0.प्र0/(ई-निविदा सेल)/2025/631** **दिनांक 04.07.2025**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-वरि0.प्र0/(ई-निविदा सेल)/2025/630 दिनांक 04.07.2025 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 08 तक के कार्य की ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट: **www.greaternoidaauthority.in** पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| **निर्माण का कार्य** | | |
| 1. | होटल उदमान के निकट 1600 मिमी व्यास की सीवर लाईन के संरचनात्मक मूल्यांकन के लिए लागत अनुमान का सीसीटीवी सर्वेक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल-सीवर) | ₹5.94 लाख |
| 2. | सैक्टर चाई फाई में सामुदायिक केन्द्र की चारदीवारी, गार्डरूम का निर्माण और इण्टरलॉकिंग टाईल्स बिछाने जाने का कार्य। (वर्क सर्किल-4) | ₹83.79 लाख |
| 3. | ग्राम लखनावली में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों का अवशेष विकास कार्य। (वर्क सर्किल-4) | ₹197.42 लाख |
| 4. | ग्रेटर नौएडा के ग्राम पाली (पॉकेट-जी) में ग्राम तिलपता, कैलाशपुर, रूपवास, अमका और पाली के 4/6/10 प्रतिशत आबादी भूखण्डों का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-6) | ₹623.06 लाख |
| 5. | ग्रेटर नौएडा 130 मी0 रोटरी से ईटा-2 मिगशन (मकौडा) की 60 मी0 चौड़ी सड़क में रोटरी तक चौड़ीकरण और सुदृढीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल-6) | ₹788.53 लाख |
| **विद्युतीकरण का कार्य** | | |
| 6. | ग्रेटर नौएडा के 33/11 के.वी उप केन्द्र, सुनपुरा से सैक्टर ईकोटैक-16 तक 11 के.वी सिगंल सर्किट लाईन का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-1) | ₹67.58 लाख |
| **उद्यानिक का कार्य** | | |
| 7. | एस.के. रोड़ पर होंडा सीएल से कासना नहर तक सैन्ट्रल वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट पर पेड़ों और झाडियों का दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | ₹42.48 लाख |
| 8. | एस.के. रोड़ पर बिल्डर्स एरिया रोटरी से होंडा सीएल तक पेड़ों और झाडियों एवं लॉन सेन्टरल वर्ज का दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल-उद्यान) | ₹56.71 लाख |

क्रम सं0-01, 02, 03 06, 07, एवं 08 पर अंकित कार्यों को दिनांक-08.07.2025 से 18.07.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 21.07.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी एवं क्रम सं0-04, एवं 05, पर अंकित कार्यों को दिनांक-08.07.2025 से 22.07.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

**वरिष्ठ प्रबन्धक (ई-निविदा सेल)**

**Follow Us On / OfficialGNIDA**




# बिजली विभाग की टूटी नींद, ठीक किया टूटा पोल



● **ध्रुवराज यादव**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लापरवाही की नींद में सो रहे बिजली विभाग के कर्मचारियों की नींद खुल गई है। चेतना मंच की खबर के बाद सेक्टर-80 के फेस-2 के ए-ब्लाक 142 के पास टूटे पोल को आखिरकार ठीक कर दिया गया है।

आपको बता दें कि 3 जुलाई को चेतना मंच ने बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही पर एक खबर प्रकाशित की थी। खबर में बताया गया था कि सेक्टर-80 के ए-ब्लॉक में कई महीनों से बिजली का पोल आधा झुका है जिस कारण बिजली के तार भी नीचे झूल रहे हैं। मुख्य मार्ग पर लगा यह पोल तेज आँधी में कभी भी गिर सकता था। बिजली विभाग की इस लापरवाही को लेकर चेतना मंच की खबर प्रकाशित होने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने इस आधे झुके बिजली के पोल को ठीक कर दिया है जिस कारण खतरा भी खत्म हो गया है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस 136 में से 7 शिकायतों का निस्तारण



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों सदर, दादरी एवं जेवर में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 136 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया। सदर तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी चारुल यादव ने की। यहां कुल 04 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं।

दादरी तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अनुज नेहरा ने की, जहां कुल 105 शिकायतें जनता द्वारा दर्ज कराई गईं। इनमें से 06 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कराया गया।

जेवर तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अभय कुमार सिंह ने की। यहां 27 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर कराया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के स्पष्ट निर्देश हैं कि जन सामान्य की समस्याओं का समाधान त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया।

# केयरिंग एसोसिएशन इंडिया की टीम ने महिला आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात




**नोएडा ( चेतना मंच )।** केयरिंग एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवांश श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता चौहान एवं सदस्य श्रीमती मीनाक्षी भाराला से सौजन्य भेंट की। इस दौरान शिवांश श्रीवास्तव ने केयरिंग एसोसिएशन इंडिया द्वारा प्रदेश में महिलाओं, बच्चों एवं समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है।

महिला आयोग की अध्यक्ष एवं सदस्य ने संगठन की पहल की सराहना की और आगे भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई एवं भविष्य में मिलकर कार्य करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

# सेक्टर-34 में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा का हुआ भव्य आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी की रथ यात्रा परंपरा को नोएडा में पूरी भव्यता से निभाता है। शनिवार को बाहुड़ा यात्रा भी यहाँ उसी श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई।

फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि बाहुड़ा यात्रा से पहले रथों को पुनः सजाया और पवित्र किया गया। उन्हें फूलों, रंगीन वस्त्रों और झंडों से फिर से सजाया गया, ताकि वे मुख्य मंदिर की ओर लौटने के लिए तैयार हो सकें।

मुख्य रथ यात्रा की तरह, बाहुड़ा यात्रा में भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को पहांडी विधि से मौसीमाँ के घर (या कम्युनिटी सेंटर) से रथ पर लाया गया। फिर हजारों भक्तों ने रस्सियों को खींचकर रथों को मुख्य मंदिर की ओर बढ़ाते हुए ले गए। जय जगन्नाथ, हरि बोल, जय माँ सुभद्रा और जय बलभद्र के जोरदार नारों से पूरा वातावरण बेहद रोमांचक और भक्तिमय हो गया।

रथ यात्रा में प्रमुख रूप से भीमसेन राउत, धर्मेन्द्र शर्मा, संजय आचार्य, विश्वजीत प्रधान, के. बी. शर्मा, के. सी. रावत, नीरज शर्मा, मोहित पुंडीर, प्रभाकर पांडेय, उमाकांत जेना, समीर सिंह, शिवाशंकर, देवेंद्र वत्स, अरुण प्रधान, विजय प्रधान, रंजित रथ, अविनाश राउत, विनोद बिष्ट आदि सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नोएडा महानगर कांग्रेस के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदभार शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर-6 स्थित एन.ई.ए. सभागार में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद दानिश अली व कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी ने शपथ दिलाकर कांग्रेस पदाधिकारियों को सांप्रदायिक ताक़तों से लड़ने और संविधान की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

जिला एवं महानगर अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपने-अपने पदाधिकारियों का परिचय सभी से करवाया तथा मुख्य अतिथि दानिश अली और विदित चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को दो जगह जनता की आवाज़ उठानी होगी। पूर्व सांसद अमरोहा, दानिश अली ने समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि हमें राहुल गांधी के मोहब्बत के पैग़ाम को जनता तक ले जाना होगा। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी किया गया। आज के शपथ ग्रहण समारोह का संचालन पुरुषोत्तम नागर द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी जिला अध्यक्ष दीपक भाटी एवं महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव द्वारा किया गया।




इस अवसर पर जिला कॉर्डिनेटर योगेश नेहरा, आलोक गौड़, महानगर कॉर्डिनेटर सुभाष गांधी एवं नरेश भाटी, पूर्व महानगर अध्यक्ष विनोद पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय चौधरी, वरिष्ठ नेता कुंवर नूर मोहम्मद, दुष्यंत नागर, पवन शर्मा, सतेंद्र शर्मा, फिरे सिंह नागर, लियाकत चौधरी, गौतम अवाना, संजय तनेजा, राजकुमार भारती, यतेन्द्र शर्मा, दयाशंकर पांडेय, राजकुमार त्यागी, धर्म सिंह बाल्मीकि, विक्रम चौधरी, कपिल भाटी, श्रुति, मुकेश शर्मा, निशा शर्मा, राहुल पांडेय, पी.एस. रावत, ललित अवाना, विक्रम चौधरी, एस.एस. सिसोदिया, रामकुमार शर्मा, डॉ. सीमा, वीरों देवी, सुमन रॉय, सुल्तान बिधूड़ी, वरुण शर्मा, ईश्वर कुमार, पंकज वाल्मीकि, बच्चू यादव, रिजवान चौधरी, आर.के. प्रथम आदि लोग मौजूद रहे।



**नोएडा की यातायात पुलिस द्वारा हाजीपुर अंडरपास मार्ग पर जनसामान्य को आईएसआई मार्क का हेलमेल लगाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।**

# पनीर की गुणवत्ता जांच को डेरियों पर छापेमारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य तथा पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की जा रही है।

इसी क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य-द्वितीय) सर्वेश मिश्रा ने जानकारी दी कि शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की दो अलग-अलग टीमों ने ग्रेटर नोएडा और नोएडा क्षेत्र की प्रमुख डेरियों पर छापेमारी कर पनीर के कुल 4 नमूने संग्रहित किए।



ग्रेटर नोएडा स्थित अल्फा-2 की शिव शक्ति डेरी और अल्फा बेल्ट कमर्शियल स्थित कृष्णा डेरी से खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम ने 1-1 नमूना पनीर का एकत्र किया।

वहीं, अट्टा मार्केट सेक्टर-27 स्थित बृजवासी डेरी और नया बांस सेक्टर-15 नोएडा स्थित चौहान डेरी से खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार और विजय बहादुर पटेल की टीम ने भी 1-1 नमूना संग्रहित किया। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच हेतु भेज दिया गया है और जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी डीएम के निर्देशन में सघन रूप से जारी रहेगा, ताकि जनपदवासियों को मानकों के अनुरूप शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।






# राज्य मंत्री केपी मलिक ने आम का पौधा रोपित कर किया वन महोत्सव का शुभारंभ




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के माननीय राज्य मंत्री केपी मलिक ने शनिवार को नोएडा के सेक्टर-93बी में आम का पौधा रोपित कर वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भाव देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष और सदस्यों ने भी मंत्री के साथ वृक्षारोपण में भाग लिया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री केपी मलिक ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए वन महोत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम आज प्रकृति को नहीं बचाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हर व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।


मंत्री ने विशेष रूप से एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से प्रकृति से जुड़ने का अभियान है।

इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर के प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार ने भी आम का पौधा रोपित किया और उपस्थित जनसमुदाय से आग्रह किया कि वे न सिर्फ पौधे लगाएं, बल्कि उनकी देखभाल भी करें, ताकि आने वाले वर्षों में ये पेड़ पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, आरडब्ल्यूए सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा जिला अध्यक्ष महेश चौहान का जन्मदिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष महेश चौहान का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास और संगठनात्मक उत्साह के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यालय, सेक्टर-116 नोएडा में आयोजित इस समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने भारी संख्या में भाग लेकर अपने नेता को शुभकामनाएं दीं।

महेश चौहान ने अपने जन्मदिवस की शुरुआत छलेरा स्थित शिव मंदिर में भगवान महादेव का रुद्राभिषेक कर की। इसके पश्चात उन्होंने गौशाला पहुंचकर गौसेवा की, तत्पश्चात वृद्ध आश्रम जन सेवा केंद्र पहुंचकर वृद्धजनों को फल वितरित किए तथा सेक्टर-110 में गरीब महिलाओं को साड़ी वितरित करने के साथ-साथ भंडारे



का भी शुभारंभ किया। इसके बाद वे भाजपा कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार कीं।

जन्मदिन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। ऐसा प्रतीत हुआ मानो पार्टी ने एक कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर पूरे संगठन के मन को छू लिया है। कार्यकर्ताओं ने इसे परिवार के सदस्य का उत्सव मानते हुए पूरे उल्लास से मनाया।

अपने संबोधन में चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाएं। उन्होंने विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसका लाभ दिलवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा एक पेड़ माँ के नाम लगाने के लिए कार्यकर्ताओं से संगठित प्रयास करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता, सभी जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं सभी मंडल पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ता तथा समाजसेवी उपस्थित रहे।

खास खबर

## लंबे समय से इस दिन का इंतजार था : सिराज

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में अपने करियर का यादगार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 6 विकेट लेकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। यह खास उपलब्धि सिराज के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि उन्होंने 548 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट की किसी एक पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट चटकाए। अपने इस प्रदर्शन को उन्होंने ह्यअविश्वसनीयह्व करार देते हुए कहा कि वे लंबे समय से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सिराज इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे हैं क्योंकि नियमित कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मुकाबले के लिए आराम दिया गया है। सिराज ने तीसरे दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले सत्र में ही इंग्लैंड की आधी टीम को महज 84 रन पर पवेलियन लौटा दिया। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में लगातार दो विकेट झटके और मैच का रुख पलट दिया।

## यशस्वी को लेकर अंपायर-स्टोक्स में विवाद

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम टेस्ट के तीसरे दिन टीम इंडिया ने मेजबान टीम इंग्लैंड पर शिकंजा कस दिया। टीम इंडिया ने पहली पारी में 587 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया था। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम 407 रन ही बना सकी। इस तरह भारतीय टीम को पहली पारी में 180 रनों की बढ़त हासिल है। तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी सिमटने के बाद टीम इंडिया बल्लेबाजी के लिए उतरी। टीम इंडिया के लिए एक बार फिर से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मजबूत शुरूआत की, लेकिन 28 रन बना कर यशस्वी पवेलियन लौट गए। केएल राहुल और यशस्वी की दमदार शुरूआत को देख इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स में खलबली मच गई थी। यही कारण है कि बेन स्टोक्स और ऑन-फील्ड अंपायर के बीच यशस्वी से जुड़े एक डीआरएस विवाद को लेकर तीखी बहस हो गई। भारत की दूसरी पारी के आठवें ओवर में यशस्वी को जोश टोंग की गेंद पैड पर लगी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने अपील की और अंपायर ने उंगली उठा दी।

## ऑर्टन और रोड्स की धमाकेदार वापसी

**नई दिल्ली।** पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग स्थित पीपीजी पेंट्स एरिना में शुक्रवार को हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन का एपिसोड धमाकेदार रहा। इस शो में डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर रैंडी ऑर्टन की जोरदान वापसी हुई, वहीं टैग टीम मुकाबलों ने दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। शो का मुख्य आकर्षण द ब्लडलाइन का नया और आक्रामक रूप रहा, जिसने अपने दुश्मनों पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। शो की शुरूआत में सबसे बड़ी घोषणा हुई कि कोडी रोड्स और जॉन सीना समर सलेम में डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप में आमने-सामने होंगे। रोड्स ने इसकी पुष्टि की, जिसके तुरंत बाद रैंडी ऑर्टन ने वापसी करते हुए सीना को हराने का वादा किया। तभी ड्रू मैकइंटायर ने अपनी वापसी की और रोड्स और ऑर्टन दोनों को निशाना बनाया। मैकइंटायर के तीखे बयानों का जवाब ऑर्टन ने उन्हें आरकेओ देकर दिया, जिससे दर्शक झूम उठे।

# तीसरे टी20 में अंतिम गेंद पर जीता इंग्लैंड

महिला क्रिकेट



एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 में भारत को रोमांचक अंतिम गेंद वाले मुकाबले में 5 रन से हराकर सीरीज में पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में अपना खाता खोला। इस मुकाबले में इंग्लैंड की गेंदबाजी की कमान सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन फाइलर ने संभाली। एक्लेस्टोन ने जहां किफायती गेंदबाजी की, वहीं फाइलर ने अहम मौकों पर विकेट निकालकर भारत को जीत से दूर रखा। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (56 रन, 49 गेंद) और शेफाली वर्मा (47 रन, 25 गेंद) ने एक और अर्धशतकीय साझेदारी की। शेफाली अर्धशतक से चूक गईं, उन्हें एक्लेस्टोन ने पवेलियन भेजा। तीसरे नंबर पर उतरीं जेमिमा रोड्रिग्स (20 रन, 15 गेंद) पिछले मैच में अर्धशतक जमाने के बाद अच्छे फॉर्म में दिख रही थीं, लेकिन फाइलर ने स्मृति के बाद उन्हें भी जल्द आउट कर भारत की उम्मीदों को झटका दिया। हालांकि इंग्लैंड की फील्डिंग में कई कैच छूटे, लेकिन लॉरेन बेल और इस्सी वोंग ने स्लोअर गेंदों का चतुराई से इस्तेमाल करते हुए मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचा दिया। आखिरी गेंद पर भारत को जीत के लिए 6 रन चाहिए थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (23 रन, 17 गेंद) छक्का नहीं लगा सकीं इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहली बार बल्लेबाजी का फैसला किया। चोटिल नैट स्किवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड की सलामी जोड़ी सोफिया डंकली (75 रन, 53 गेंद) और डैनी वायट-हॉज (66 रन, 42 गेंद) ने ताबड़तोड़ शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने डंकली को कैच आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद इंग्लैंड की पारी बिखर गई और उसने अगले 31 रन में 8 विकेट गंवा दिए। भारत की ओर से अरूंधति रेड्डी (3/32), दीप्ति शर्मा (3/27), एन. श्री चरणी (2/43), और राधा यादव (1/15) ने शानदार गेंदबाजी की और इंग्लैंड की मिडिल और लोअर ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया। हालांकि इंग्लैंड 170 से ज्यादा का स्कोर बनाने के बाद आज तक कोई टी20 मुकाबला नहीं हारा है, और इस रिकॉर्ड को उसने इस मुकाबले में भी कायम रखा।

## एकदिवसीय प्रारुप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करें : क्लासेन



एजेंसी

**जोहांसबर्ग ।** हाल में खेल से संन्यास लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर हेनरिक क्लासेन ने कहा है कि एकदिवसीय प्रारुप को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हटा दिया जाना चाहिये। क्लासेन सीमिल ओवरों के आक्रामक खिलाड़ी रहे हैं और आईपीएल में भी उन्होंने काफी रन बनाये है। 33 साल की उम्र में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले इस क्रिकेटर के अनुसार वह पहले ही इस प्रारुप से दूर हो गये थे1
क्लासेन से पूछा गया है कि वे क्रिकेट कैलेंडर में क्या बदलाव चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि मैं जो एकमात्र बदलाव करूंगा वह शायद एकदिवसीय क्रिकेट को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करने का है क्योंकि आजकल लोग अधिक से अधिक टी20 क्रिकेट ही देखना चाहते हैं। इस क्रिकेटर ने हालांकि कहा कि एकदिवसीय विश्व कप को जारी रखा जा सकता है। ऐसे में एकदिवसीय विश्व कप शुरू होने से एक महीने पहले, आप हर टीम के पांच-पांच मैच कराएं, ताकि उस फॉर्मेट की आदत पड़ जाए।साथ ही कहा कि उन टीमों के लिए ज्यादा टेस्ट मैच आयोजित किये जाने चाहिये जो कम टेस्ट मैच खेलती हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा टी20 क्रिकेट खेलें, क्योंकि लोग यही देखना चाहते हैं।

## फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

फीफा क्लब विश्व कप



एजेंसी

**टोरंटो।** ब्राजील की क्लब फ्लूमिनेंसे ने फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को सऊदी अरब की अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टूनामेंट की अंडरडॉग मानी जा रही फ्लूमिनेंसे ने पहले हाफ में मैथियस मार्टिनेली के शानदार गोल की मदद से बढ़त बनाई। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरूआत में अल हिलाल की ओर से मार्कस लियोनार्डो ने बराबरी का गोल दागा। लेकिन फ्लूमिनेंसे ने हार नहीं मानी और 70वें मिनट में हर्क्यूलिस ने निर्णायक गोल कर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह दोनों क्लबों के बीच पहली भिड़ंत थी। फ्लूमिनेंसे, जो इस टूनामेंट में एक कमजोर दावेदार मानी जा रही थी, अब सेमीफाइनल में पामेइरास और चेल्सी के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मुकाबले के विजेता से भिड़ेगी। मैच की शुरूआत एक भावुक क्षण के साथ हुई, जहां खिलाड़ियों और दर्शकों ने लिवरपूल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डियोगो जोटा और उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा की कार दुर्घटना में मृत्यु पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।
जोआओ कैंसालो की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गेब्रियल फुएंतेस ने मार्टिनेली को पास दिया, जिन्होंने शानदार लेफ्ट फुट शॉट से टॉप कॉर्नर में गेंद पहुंचाई। दूसरे हाफ की शुरूआत में कालिदू कूलिबाली के हेडर के बाद लियोनार्डो ने गोल कर स्कोर 1-1 किया।
निर्णायक गोलः बेंच से आए हर्क्यूलिस ने बेहतरीन टच के साथ बॉक्स में प्रवेश किया और निचले कोने में सटीक फिनिश कर टीम को जीत दिलाई।

## गुकेश ने जीता जाग्रेब में रैपिड खिताब

ग्रैंड चेस टूर



एजेंसी

**जाग्रेब (क्रोएशिया)।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर 2025 के जाग्रेब चरण में रैपिड खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को समाप्त हुए रैपिड सेक्शन में पोलैंड के जान-क्रिज्टोफ डूडा दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश की शुरूआत पहले राउंड में हार के साथ हुई थी, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए, जिनमें एक जीत पूर्व विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ भी शामिल रही। इसके बाद गुकेश ने सातवें और आठवें राउंड में क्रमशः अनीश गिरी और इवान सारिच के साथ ड्रॉ खेला। अंतिम राउंड में उन्होंने अमेरिका के वेसली सो को हराकर रैपिड सेक्शन में कुल 14 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। डूडा 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कार्लसन ने 10 अंक जुटाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत के ही आर. प्रज्ञानानंद ने 9 अंकों के साथ फैबियानो करूआना के साथ संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। अब प्रतियोगिता का ब्लिट्ज सेक्शन खेला जाएगा। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों सेक्शनों के संयुक्त अंक के आधार पर समग्र विजेता का फैसला किया जाएगा। यह ग्रैंड चेस टूर 2025 का तीसरा टूनामेंट है। इससे पहले पोलैंड और रोमानिया चरण क्रमशः अप्रैल और मई में खेले गए थे। प्रज्ञानानंद ने रोमानिया के बुखारेस्ट में खिताब जीता था और वारसॉ, पोलैंड में तीसरे स्थान पर रहे थे। अमेरिका में अगस्त में दो और टूनामेंट होंगे, जबकि अंतिम चरण ब्राजील में सितंबर से अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा।

## पाकिस्तान टीम के कोच की मैकडरमॉट संभालेंगे जिम्मेदारी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी शेन मैकडरमॉट को पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान के नए व्हाइट-बॉल हेड कोच माइक हेसन की सिफारिश पर उन्हें चुना गया है। वह सभी प्रारूपों में यह जिम्मेदारी निभाएंगे और उनके दौरे से पहले टीम से जुड़ने की उम्मीद है। इस सप्ताह के अंत तक उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। 44 वर्षीय मैकडरमॉट के पास अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में कोचिंग का लंबा अनुभव है। वह हाई परफॉर्मेंस लेवल थ्री कोचिंग सर्टिफिकेट धारक हैं और बांग्लादेश, श्रीलंका, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन और क्रिकेट तस्मानिया जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं। 2022-23 में वह बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के सहायक फील्डिंग कोच रहे लेकिन तत्कालीन हेड कोच चंदिका हथुरूसिंघे के साथ मतभेदों के चलते उनका कार्यकाल खत्म हो गया। इससे पहले मैकडरमॉट ने श्रीलंका की सीनियर पुरुष टीम के साथ तीन साल तक फील्डिंग कोच की भूमिका निभाई और वहां श्रीलंका ए टीम की कमान भी संभाली।

## संगीता राणा करेंगी स्वर्ण पदक की दावेदारी

**हरिद्वार।** हरिद्वार की अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर संगीता राणा ने आज तड़के जापान के हिमेजी शहर की धरती पर कदम रखे, जहां वे एशियन-अफ्रीकन-पैसिफिक मास्टर्स एंड क्लासिक पावरलिफ्टिंग एंड बेंच प्रेस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वे मास्टर-1 डिवीजन (69 किलोग्राम भार वर्ग) की क्लासिक व इक्विप्ड स्पधाओं में दो स्वर्ण पदकों के लिए मजबूत दावेदारी पेश करेंगी। अरुण कुमार पाठक ने बताया कि वर्ष 2023 में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रतिष्ठित तीलू रौतेली सम्मान और सुषमा स्वराज एवार्ड से सम्मानित संगीता राणा ने सेंट पीटर्सबर्ग (रूस) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में तीन पदक और अलमाटी में विश्वकप पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते हैं।

## 6 विकेट सिराज की मेहनत का इनाम हैं : सचिन

▸ शिराज की घातक गेंदबाजी पर फिदा हुए तेंदुलकर



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी करके मैच का पूरा नक्शा बदल दिया। मोहम्मद सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड की मजबूत पारी की कमर तोड़ दी, जबकि आकाश दीप ने 88 रन देकर चार विकेट लेकर उनका शानदार साथ दिया। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 407 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। सिराज के इस धमाकेदार प्रदर्शन पर महान बल्लेबाज मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। सचिन ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, सिराज में मैंने जो सबसे बड़ा बदलाव देखा है, वह है गेंद को सही जगह पर पहुंचाने में उनकी सटीकता और निरंतरता। उनकी मेहनत का इनाम उन्हें 6 विकेट के रूप में मिला। आकाश दीप ने भी उनका बहुत अच्छा साथ दिया। शाबाश !ह्व सचिन ने इंग्लैंड की पारी में ब्रुक और स्मिथ की साझेदारी की भी तारीफ की, जिन्होंने दबाव में रहते हुए बेहतरीन जवाबी हमला किया और अपनी टीम को भारत के स्कोर के करीब पहुंचा दिया, जिसकी किसी ने उम्मीद भी नहीं की थी। मैच की बात करें तो तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी में उतार-चढ़ाव खूब देखने को मिले। इंग्लैंड के ब्रुक और स्मिथ ने मुश्किल हालात में शानदार बल्लेबाजी की और भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। लेकिन सिराज और आकाश दीप ने लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के मिडिल और निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करते हुए दिखा दिया कि भारतीय गेंदबाजी सिर्फ एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है। उनकी अगुआई में गेंदबाजों ने मिलकर इंग्लैंड की पूरी पारी 407 रन पर समेट दी। दूसरी पारी में भारत ने ठोस शुरूआत की और पहले दिन के खेल के खत्म होने तक एक विकेट पर 64 रन बना लिए थे। इससे भारत ने मैच में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भारत चौथे दिन अपनी बढ़त को कितनी मजबूती दे पाता है और क्या सिराज दूसरी पारी में भी इसी तरह का शानदार प्रदर्शन दोहरा पाएंगे।

## कनाडा ओपनः श्रीकांत सेमीफाइनल में, श्रेयांशी बाहर



एजेंसी

**कैलगरी ।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेमों में 21-18, 21-9 से हराया। वर्ल्ड नंबर-49 श्रीकांत अब फाइनल में पहुंचने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। श्रीकांत को निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त हासिल है। पिछली विश्व चैंपियनशिप में भी उन्होंने जापानी खिलाड़ी को सीधे गेमों में हराया था। हालांकि, निशिमोटो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका कोर्ट कवरेज शानदार माना जाता है। निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले श्रीकांत ने प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 21-19, 21-14 से हराया था। यह मुकाबला 41 मिनट चला था। पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स के भी फाइनल में पहुंचे थे और इस साल अच्छे फॉर्म में नजर आ रहे हैं। विमेंस सिंगल्स में भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वलीशेट्टी को डेनमार्क की 24 वर्षीय अमाली शुल्ज के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-12, 19-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रेयांशी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया था, लेकिन अगले दोनों गेम में बढ़त बनाए रखने में नाकाम रहीं। निर्णायक गेम में उन्होंने 9-17 के अंतर को कम कर 19-21 तक पहुंचाया, मगर मामूली अंतर से हार गईं। इसी के साथ उनका नॉर्थ अमेरिका टूर समाप्त हो गया।

## प्रियंका ने रॉयल अंदाज में बढ़ाया समर फैशन का चार्म



एजेंसी

**लंदन।** ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपडा हाल ही में अपने पति निक जोनस के साथ विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप 2025 में नजर आईं। यहां पर एक्ट्रेस ने अपने ऑल-व्हाइट मिनिमलिस्ट लुक से सभी का ध्यान खींच लिया। उन्होंने राल्फ लॉरेन की डिजाइन की गई करीब 1.84 लाख रुपये की एल्ड्रेड कॉटन पिके डे ड्रेस पहनी थी, जो गर्मियों के मौसम के लिए बिल्कुल परफेक्ट मानी जा रही है। इस ड्रेस में प्रियंका बेहद क्लासिक और एलीगेंट नजर आईं और उनका यह लुक फैशन प्रेमियों के लिए इंस्पिरेशन बन गया। इस खूबसूरत आउटफिट की खासियत इसका इटालियन कॉटन पिके फैब्रिक है जो बेहद हल्का और आरामदायक है। गर्मियों के लिहाज से यह फैब्रिक परफेक्ट माना जाता है। ड्रेस में स्ट्रक्चर्ड स्प्रेड कॉलर, स्लीवलेस फिटेड नेकलाइन और बैकलेस डिटेल इसे सिंपल होने के साथ-साथ ग्लैमरस भी बनाते हैं। साइड-सीम पॉकेट्स ने आउटफिट को कैजुअल और मॉडर्न टच दिया जबकि फिटेड बॉडिस और फ्लोर-लेंथ अ-लाइन स्कर्ट इसके ओवरऑल लुक को निखारते हैं। स्कर्ट में दिए गए छोटे प्लीट्स ने इसे एलिगेंट और रिच अपील दी, जिससे प्रियंका का लुक रॉयल नजर आया। प्रियंका ने एक्सेसरीज के जरिए अपने स्टाइल गेम को और भी ऊंचा किया। उन्होंने करीब 77,700 रुपये की कीमत वाले जैक्स मैरी मैज क्रास्नर सनग्लासेस पहने थे, जिनका मिड-साइज कैट-आई फ्रेम और डार्क ओवल लेंस आउटफिट के साथ बिल्कुल मैच कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने सफेद फ्लैट सैंडल्स और बुल्गारी की स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ लुक को फिनिशिंग टच दिया।

## विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की पदक झोली में बढ़ोतरी

▸ नूपुर फाइनल में, अविनाश सेमीफाइनल में पहुंचे



एजेंसी

**अस्ताना ।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप में भारत ने अपने पदकों की संख्या बढ़ा ली है और मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। महिलाओं के 80 किलोग्राम वर्ग में भारत की नूपुर ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। उनके इस जीत के साथ भारत को कम से कम एक रजत पदक सुनिश्चित हो गया है। नूपुर के आत्मविश्वास और आक्रामक रणनीति ने पूरे मुकाबले में विरोधी को कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने जजों से सर्वसम्मत फैसला हासिल किया। इससे पहले शुक्रवार को पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में अविनाश जामवाल ने भी अपने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर भारत के लिए एक और पदक पक्का किया। उन्होंने अमेरिका के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अविनाश का मुकाबला भी पूरी तरह उनके नियंत्रण में रहा और उनकी सटीक पंचों और बेहतरीन डिफेंस का प्रतिद्वंद्वी के पास कोई जवाब नहीं था। हालांकि कुछ भारतीय मुक्केबाजों का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। नीरज फोगाट (65 किग्रा) और अनामिका (51 किग्रा) अपने-अपने मुकाबलों में हार गए। नीरज ने कड़े मुकाबले में शानदार संघर्ष किया लेकिन विभाजित निर्णय में 3-2 से पराजित हो गए, जिससे उनका अभियान समाप्त हो गया।भारत का इस टूनामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन रहा है। सेमीफाइनल में भारत के कुल 10 मुक्केबाज पहुंचे हैं और नूपुर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी हैं। इससे पहले गुरुवार को हितेश गुलिया और साक्षी ने भी अपने-अपने वर्ग में सेमीफाइनल में प्रवेश कर पोडियम फिनिश पक्का किया था। हितेश ने पुरुषों के 70 किलोग्राम क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-0 से हराया, जबकि साक्षी ने महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग में ब्राजील की तातियाना रेजिना डी जीसस चागास को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। भारत ने इस साल के शुरूआत में ब्राजील में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप के पहले चरण में एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य समेत कुल छह पदक जीते थे। उस चरण में उजबेकिस्तान ने आठ पदकों (पांच स्वर्ण) के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, जबकि मेजबान ब्राजील ने नौ पदक जीते थे। कजाकिस्तान ने तीन स्वर्ण और तीन कांस्य सहित छह पदक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया था। इस साल नवंबर में नई दिल्ली में होने वाले फाइनल चरण को ध्यान में रखते हुए, अस्ताना चरण भारतीय मुक्केबाजों के लिए तैयारी का अहम पड़ाव साबित हो रहा है।



रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा ने विंबलडन में ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस और क्रोकेट क्लब में 2025 विंबलडन चैंपियनशिप के पांचवें दिन अपने महिला एकल के तीसरे दौर के टेनिस मैच के दौरान जापान की नाओमी ओसाका को फोरहैंड रिटर्न खेला।

# हाई ब्लड प्रेशर पर पाना चाहते हैं काबू, तो अपनाएं ये रामबाण इलाज



**खराब लाइफस्टाइल, अनहेल्दी डाइट प्लान और तनाव जैसे तमाम फैक्टर्स हाई ब्लड प्रेशर का मुख्य कारण हो सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि कुछ घरेलू उपायों की मदद से आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काफी हद तक काबू पा सकते हैं? इस तरह के नेचुरल ट्रीटमेंट्स न केवल हाई बीपी की समस्या को दूर कर सकते हैं बल्कि आपके दिल की सेहत को भी काफी हद तक मजबूत बना सकते हैं।**

डाइट प्लान में शामिल करें मेडिटेशन

क्या आपको भी यही लगता है कि मेडिटेशन सिर्फ आपकी मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है? अगर हां, तो आपको अपनी इस गलतफहमी को जल्द से जल्द दूर कर लेना चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को रेगुलरली मेडिटेशन की प्रैक्टिस करनी चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मेडिटेशन को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल करके आप अपनी हार्ट हेल्थ को काफी हद तक सुधार सकते हैं।

### डाइट प्लान में क्या शामिल करना चाहिए?

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक खट्टे फलों का सेवन करके हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है। बीपी पर काबू पाने के लिए संतरा, नींबू, मौसमी और अंगूर को कंज्यूम किया जा सकता है। इसके अलावा बादाम, अखरोट, चिया सीड्स, अलसी के बीज और कद्दू के बीज को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करके भी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाया जा सकता है।

### फायदेमंद साबित हो सकता है प्राणायाम

आयुर्वेद के मुताबिक प्राणायाम का रेगुलर अभ्यास करने से हाई बीपी की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। आप हर रोज नियम से अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम कर सकते हैं। प्राणायाम न केवल आपकी हार्ट हेल्थ को मजबूत बनाए रखने में बल्कि आपकी ओवरऑल हेल्थ को सुधारने में भी काफी ज्यादा मददगार साबित हो सकता है।

# बारिश में स्ट्रीट फूड्स के हैं शौकीन तो जरा संभल जाइए, वरना बढ़ सकता है पेट की जानलेवा बीमारियों का खतरा

**बारिश के मौसम में कीड़े-मकोड़ों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। हवा में नमी के कारण इन जीवाणुओं के पनपने का खतरा होता है। ये खाने-पीने की चीजों से भी चिपकने लगते हैं। ऐसे में, स्ट्रीट फूड्स खाना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।**

बरसात की रिमझिम फुहारें और सड़कों के किनारे चटपटे स्ट्रीट फूड स्वाद में जितने मजेदार लगते हैं, असल में उतने ही खतरनाक हो सकते हैं। बारिश का मौसम संक्रमण और बैक्टीरिया जनित बीमारियों का गढ़ माना जाता है। हवा में बढ़ी नमी के कारण फूड आइटम्स जल्दी दूषित हो जाते हैं। ऐसे में अगर आपने सावधानी नहीं बरती, तो स्वाद के चक्कर में अस्पताल का चक्कर भी लग सकता है।

### बारिश में स्ट्रीट फूड्स के नुकसान

बरसात के मौसम में नमी का स्तर बढ़ने से वातावरण बैक्टीरिया और वायरस के पनपने के लिए अनुकूल बन जाता है। इन सूक्ष्म जीवों की मौजूदगी सबसे ज्यादा खाने-पीने की चीजों में होती है, विशेषकर खुले में बिकने वाले स्ट्रीट फूड में। स्वाद के चक्कर में हम यह भूल जाते हैं कि इन खाद्य पदार्थों में संक्रमण का खतरा सबसे अधिक होता है, जो आंतों से जुड़ी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है।

इस मौसम में मोमोज, पानी पूरी, चाट, पेटीज, बड़ा पाव जैसे स्ट्रीट फूड आमतौर पर हर नुक्कड़ पर मिल जाते हैं और इनका स्वाद लोगों को लुभाता है। लेकिन आपको जानना चाहिए कि यह सब आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### मोमोज

स्टीम में पकने के बावजूद अक्सर मोमोज अंदर से अधपके रह जाते हैं। ऐसे में इनमें बैक्टीरिया, वायरस और फंगस के पनपने की संभावना बढ़ जाती है। यह आंतों में सूजन, कालरा, हेपेटाइटिस और पेचिश जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

### पानी पूरी

बारिश के मौसम में पानी पूरी के पानी में बैक्टीरिया और वायरस आसानी से पनपते हैं, खासकर अगर पानी दूषित है। इससे उल्टी, दस्त और टाइफाइड जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### पेटीज और चाट

खुले में रखे गए इन व्यंजनों में बैक्टीरिया और धूल-मिट्टी आसानी से जम जाते हैं। अगर इन्हें सही तापमान पर नहीं बनाया गया है, तो ये फूड पॉइजनिंग का कारण बन सकते हैं।

### बड़ा पाव

यह तला हुआ फूड है और अक्सर बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल में बनाया जाता है। बारिश के मौसम में इसकी सफाई और गुणवत्ता पर नजर रखना मुश्किल होता है, जिससे पेट की समस्याएं हो सकती हैं।





# मानसून में भी दिखें स्टनिंग, वाटरप्रूफ मेकअप से बारिश में पाएं परफेक्ट लुक

**बारिश का मौसम जहां सुकून और ठंडक लाता है, वहीं मेकअप लवर्स के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे मौसम में वाटरप्रूफ मेकअप का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है, जो चेहरे पर मेकअप को लंबे समय तक बरकरार रखता है और ग्लैमरस लुक भी देता है।**

महिलाओं को मेकअप करने का काफी शौक होता है, लेकिन बारिश के मौसम में उनके लिए मेकअप करना काफी चैलेंजिंग हो जाता है। बारिश में ऑफिस जाते वक्त या घूमने-फिरने के दौरान भीगना आम बात है। परेशानी तब बढ़ जाती है, जब आप मेकअप करने के बाद भीग जाएं। यही कारण है कि वाटरप्रूफ मेकअप का ट्रेंड काफी बढ़ गया है, क्योंकि यह मेकअप को फैलने और खराब होने से बचाने में मदद करता है।

ब्यूटी एक्सपर्ट वंदना ठाकुर के अनुसार, वाटरप्रूफ मेकअप नमी, पसीने और बारिश के पानी से खराब नहीं होता। यह चेहरे को फ्रेश और आकर्षक बनाए रखता है। ये प्रोडक्ट्स विशेष तौर पर बनाए जाते हैं ताकि बारिश में भी आपकी सुंदरता बनी रहे।

### हाइलाइटर से बढ़ाएं ग्लो

बारिश के मौसम में भी चेहरा फ्रेश और शाइनी दिखे, इसके लिए हाइलाइटर का उपयोग करें। यह नाक, होंठ और गालों को उभारता है और चेहरे पर एक ग्लैमरस लुक लाता है। मार्केट में स्किन टोन के अनुसार कई शेड्स उपलब्ध हैं, जो नेचुरल फिनिश देते हैं। ब्रश या स्पंज से इसे आसानी से लगाया जा सकता है।

### मानसून मेकअप के लिए टिप्स

बारिश में मेकअप बेस के लिए वाटरप्रूफ फाउंडेशन का उपयोग करें।

वाटरप्रूफ मस्कारा और आईलाइनर का उपयोग करना चाहिए ताकि बारिश में भी आंखें सुंदर दिखें।

मैट या सेमी-मैट फिनिश वाली वाटरप्रूफ लिपस्टिक का उपयोग करें।

मेकअप लगाने के बाद, इसे सेट करने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें।

बारिश में मेकअप लगाने से पहले, त्वचा को बर्फ से मसाज कर फिर मैटिफाइंग बेस या पाउडर का उपयोग करें।

क्रीम बेस्ड प्रोडक्ट्स की जगह पाउडर बेस्ड प्रोडक्ट्स का उपयोग करें।

**बारिश में मेकअप को कम से कम रखें।**

### बरसात में भी कई गुना बढ़ेगी खूबसूरती

मस्कारा, फाउंडेशन, लिपस्टिक, आई लाइनर और हाइलाइटर जैसे मेकअप प्रोडक्ट्स हाई क्वालिटी वाले हैं, जिससे आपको मानसून में भी अट्रैक्टिव और बोल्ड लुक मिलता है। इन्हें अप्लाई करके चिपचिपापन नहीं होता है। स्किन टोन के लिए ये प्रोडक्ट्स काफी सारे शेड्स में आते हैं। ये ब्यूटी प्रोडक्ट्स वाटरप्रूफ, स्मजप्रूफ, स्वेटप्रूफ और ट्रांस्फरप्रूफ ब्यूटी प्रोडक्ट्स ड्यूरेबल और लान्ग लास्टिंग हैं, जो आपको पूरा दिन खूबसूरत दिखने में मदद करते हैं, खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

**विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।**

### सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

### हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

### त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।





# ओमंग कुमार की फिल्म सिला में नजर आएंगे हर्षवर्धन राणे

सनम तेरी कसस फिल्म से सबके दिलों में छा जाने वाले अभिनेता हर्षवर्धन राणे अब एक शानदार फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका पोस्टर और टाइटल रिवील कर कर दिया गया है। बीते दिनों अभिनेता को इस आगामी फिल्म की तैयारी करते हुए देखा गया था।

हर्षवर्धन राणे की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। इसे अभिनेता ने अपने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस पोस्टर में अभिनेता के साथ सादिया खतीब नजर आ रही हैं, जिसमें एक्टर ने सादिया को जोर से पकड़ रखा है। इसके साथ ही दोनों को घायल अवस्था में देखा जा सकता है, जिसमें वे खून से लथपथ दिख रहे हैं। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के टाइटल का भी एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम है सिला।

## फिल्म के बारे में

हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब की आगामी फिल्म सिला का निर्देशन ओमंग कुमार कर रहे हैं। इसके अलावा आपको बताते चलें कि फिल्म में निगेटिव रोल में करणवीर मेहरा नजर आएंगे। वहीं इस फिल्म की शूटिंग कल यानी 01 जुलाई से शुरू हो रही है। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। नेटिजंस कमेंट सेक्शन में लिखा रहे हैं कि पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म शानदार साबित होगी।


हर्षवर्धन राणे का वर्कफ्रंट

हर्षवर्धन राणे के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। फिल्म 02 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी द्वारा किया गया है। फिल्म में अभिनेता के साथ सोनम बाजवा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।



# डिजिटल डेब्यू को तैयार वाणी; पहली बार इस अंदाज में आएंगी नजर

**हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं। पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है।**




नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, 'गुल्लक' फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं।

## 25 जुलाई को होगी रिलीज

पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है।

## 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ नजर आई थीं वाणी

वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं। इसके अलावा वो पंकज त्रिपाठी के शो 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन में भी नजर आई हैं। वहीं श्रिया पिलगांवकर हाल ही में जी5 की सीरीज 'छल कपट- द डिसेप्शन' में नजर आई थीं।

# रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं विद्या बालन




अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रितेश देशमुख पिछले काफी समय से फिल्म राजा शिवाजी को लेकर चर्चा में हैं। वह न सिर्फ इसमें लीड रोल निभा रहे हैं, बल्कि इसके निर्देशन की कमान भी संभाल रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। इसकी कास्ट और बड़ी हो गई है, क्योंकि रितेश और उनकी टीम ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विद्या बालन को फिल्म में शामिल कर दिया है। विद्या एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं, जो भारतीय इतिहास के सबसे दमदार अध्यायों में से एक की कहानी कहती है। उन्होंने फिल्म के लिए फौरन हां कर दी। रितेश भी विद्या के साथ काम करने के लिए उतावले हो रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि विद्या ने फिल्म के लिए अपना लुक टेस्ट पहले ही करवा लिया है और अब वह जल्द ही सेट पर शूटिंग में शामिल होंगी।



# हेरा फेरी 3 पर रिलीज के बाद ही बात करूंगा


अभिनेता सुनील शेट्टी हिंदी भाषा और अपकमिंग फिल्म 'हेरा फेरी 3' पर बात की। अभिनेता ने हिंट दिया कि फिल्म को लेकर फिर से दर्शकों को मजा आएगा। कॉमेडी से भरपूर फिल्म परिवार के साथ देखने वाली है, जो बड़े-बच्चों के साथ सभी को पसंद आएगी। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं अब फिल्म के बारे में बात रिलीज के दिन ही करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने ओटीटी और फिल्म पर भी बात की। शेट्टी ने सिनेमाघरों को 'पापा' की संज्ञा और देते हुए ओटीटी को बच्चों की संज्ञा दी। उन्होंने बताया, कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स आ चुके हैं और यह अच्छी बात है। दरअसल, सिनेमाघर 'पापा' हैं और ओटीटी उनके बच्चे हैं। बच्चे हर हाल में पिता के लिए अच्छे होते हैं। वे सपोर्ट ही करते हैं। अभिनेता ने बताया कि यदि किसी चीज में बदलाव चाहिए तो उसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तानी एक्टर्स पर लगे प्रतिबंध पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेता ने बताया, रिश्ते तो हमेशा ऊपर-नीचे होते ही रहते हैं। पहलगाम की बात करें तो मेरा मानना है निश्चित तौर पर बैन होना चाहिए। जब तक माहौल सही न हो जाए। बात केवल कला की नहीं है। राजनीति, खेल और एंटरटेनमेंट सभी क्षेत्रों को यह बात समझनी होगी।



# केके मेनन ने बताया को-एक्टर के साथ कैसा बर्ताव करते हैं बिग बी

अभिनेता केके मेनन इन दिनों अपने आगामी वेब शो 'स्पेशल ऑप्स 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। अभिनेता शो के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान केके मेनन ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर बात की और उन्हें भगवान का बच्चा बताया। उन्होंने बिग बी के साथ काम करने के अपने अनुभव को भी साझा किया।

## अमिताभ बच्चन आज भी नए कलाकार की तरह काम करते हैं




पॉडकास्ट में केके मेनन ने इस दौरान अपने शो से इतर कई मुद्दों पर बात की। बिग बी के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा करते हुए केके मेनन ने उनकी तारीफ की। अभिनेता ने कहा, 'अमिताभ बच्चन भगवान के बच्चे हैं। उनकी पीढ़ी वाले कौन हैं अभी जो एक्टिव हों, लेकिन वो आज भी उतने ही सक्रिय हैं। वह आज भी प्रासंगिक हैं। वह हर सुबह उठते हैं और एक्सरसाइज करना शुरू कर देते हैं। हम इसे चमत्कार और जादू कहते हैं। मैंने सीखा है कि अगर कोई व्यक्ति जो इतना अनुभवी है, एक नए व्यक्ति की तरह काम कर रहा है, तो हम कौन हैं?'

## बिग बी प्रतिभा और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण हैं

बिग बी के साथ स्क्रीन शेयर करने के अपने अनुभव को बताते हुए केके मेनन ने कहा कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। केके ने कहा कि बिग बी अपने को-एक्टर को काफी महत्व देते हैं। उन्होंने फिल्म 'सरकार' के समय को याद करते हुए एक सीन के दौरान अमित जी ने रामगोपाल वर्मा से मेरा क्लोजअप शॉट लेने को कहा क्योंकि वो चाहते थे कि मेरे हाव-भाव कैमरे में कैद हों। उन्होंने कहा कि बिग बी एक प्रतिभाशाली और अनुशासित अभिनेता हैं। अनुशासन के बिना प्रतिभा लंबे समय तक नहीं टिकती। अमिताभ बच्चन अनुशासन के साथ प्रतिभा का एक बेहतरीन उदाहरण हैं।

## 11 जुलाई को रिलीज होगा 'स्पेशल ऑप्स 2'

केके मेनन जल्द ही अपने वेब शो 'स्पेशल ऑप्स 2' में नजर आएंगे। इस सीरीज में वो रॉ ऑफिसर हिम्मत सिंह का किरदार निभा रहे हैं। इस बार की सीजन एआई के बढ़ते प्रभाव से होने वाले नुकसान और साइबर अटैक पर आधारित है। इससे पहले 'स्पेशल ऑप्स' के दो सीजन आ चुके हैं और दोनों को ही लोगों ने काफी पसंद किया है। इस नए सीजन के ट्रेलर भी आते ही धमाल मचा दिया था। अब फैंस 11 जुलाई को जियो-हॉटस्टार पर रिलीज होने वाले इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# पहली फिल्म बनने में 6 साल लगे, रेंट के पैसे नहीं थे, मॉडल है एक्टिंग नहीं आती कहकर नकारा गया

**एक जमाने में सुपर मॉडल रहे अर्जुन रामपाल ने जब फिल्मों में कदम रखा, तो मॉडल होने के नाते उन्हें लंबे समय तक आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा कि मॉडल अभिनय नहीं कर सकते, मगर बीते 25 सालों में अर्जुन लगातार अपने क्राफ्ट पर काम करते गए और रॉक ऑन केयि उन्होंने सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी हासिल किया। इन दिनों वे खबरों में हैं अपनी नई वेब सीरीज राना नायडू से।**

**आप जब मॉडलिंग से फिल्मों में आए तो आपकी पहली फिल्म मोक्ष को बनने में पूरे 6 साल लग गए थे, वो समय आपके लिए कितना कठिन था?**

मैंने जब अपनी पहली फिल्म मोक्ष के रशेज (कुछ दृश्य) देखे तो मुझे खुद से नफरत हो गई थी। मुझे लगा कि मैं कैमरे के सामने इतना स्टिफ क्यों लग रहा हूं। फिर मैंने उसका विश्लेषण किया और मैंने पाया कि मॉडल के रूप में हमें कैमरे के आगे विशेष तरह से चलने और पोज देने की ट्रेनिंग दी जाती है, मगर जब आप फिल्म करते हैं, तो आपको किरदार में ढलना होता है। आपको बुत की तरह खड़े नहीं रहना होता। उन रशेज को देखकर मैंने तय किया कि मैं एक्टर की दिशा में आगे कदम बढ़ाऊंगा, तो मैंने ऐलान कर दिया कि मैं मॉडलिंग से संन्यास ले रहा हूं। तब मैं नहीं जानता था कि मोक्ष को बनने में 6 साल लग जाएंगे। मैं मॉडलिंग छोड़ चुका था और मेरे इनकम का स्त्रोत भी बंद हो चुका था। बहुत मुश्किल समय था। कई बार मेरे पास किराया भरने के पैसे नहीं होते थे, मगर उस दौर ने बहुत कुछ दिया भी।

**मॉडल होने के नाते जब आपको आलोचनाओं का शिकार भी होना पड़ा कि आप अभिनय नहीं कर सकते? मगर फिर आपको आगे चलकर राष्ट्रीय पुरस्कार (रॉक ऑन के लिए सहायक अभिनेता का) भी मिला?**

बहुत दुख होता था, जब मुझे और मेरे अभिनय को क्रिटिसाइज किया जाता था। शुरुआत में जब आप नए होते हैं, तो आपको प्रोत्साहन चाहिए होता है, क्योंकि उस वक्त आप खुद असुरक्षित होते हैं कि आपको काम आता है या नहीं? ऐसे में जब आपके काम को बुरा बोला जाता है, तो बहुत तकलीफ होती है। किसी फिल्म पर आप साल भर मेहनत करते हो, फिर शुक्रवार को आप उसे दर्शकों को सौंप देते हो और अगर दर्शक उसे नकार दें, तो आप गिर जाते हो, टूट जाते हो। साइकोलॉजिकल रूप से यह आपको बहुत प्रभावित कर देता है। शुरू में तो मैं आलोचकों पंचिंग बैग बन गया था। मैं जितना उन्हें महत्व देता, वे उतनी अधिक आलोचना करते। फिर एक समय ऐसा आया कि मैंने तय किया कि मैं अब अपने किरदारों को अहमियत दूंगा। मैंने क्रिटिसिज्म की परवाह करना छोड़ दिया और उन्होंने मेरे बारे में कहना।

**पहले मॉडलिंग फिर सिनेमा और अब ओटीटी, आपके लिए ये शिफ्ट कैसा है?**

मेरे लिए ये शिफ्ट ज्यादा कुछ नहीं है। माध्यम तो अभिनय का ही है। काम भी वही है, लोग वही हैं, निर्देशक और कहानियां भी कमोबेश वही हैं। बस एक चीज जो अलग है, वो ये कि आपको अपने किरदार पर काम करने का अधिक समय मिल जाता है। कहानी परतदार होती है। इन दिनों मैं ओटीटी पर काफी इंडियन और विदेशी कॉन्टेंट देख रहा हूं और मैंने पाया कि जिन शोज के किरदार और कहानियां मजबूत होती हैं, उनकी ग्रिप भी सुदृढ़ होती है, तो ये मेरे लिए कोई बड़ी बात नहीं। मैंने अपने करियर में जो भी रोल किए हमेशा से खुद को किरदार के रूप में देखा। अब तो जो फिल्में या ओटीटी पर शोज बन रहे हैं, उसमें दर्शक एक्टर को नहीं बल्कि किरदारों को देखना चाहते हैं और साथ ही ये देखना चाहते हैं कि उन चरित्रों के साथ अभिनेता ने न्याय किया या नहीं, तो मेरे लिए ये बहुत अच्छा समय है, क्योंकि मुझे उस तरह के चरित्र मिल रहे हैं, जिनमें मैं प्रवेश कर सकता हूं। वेब सीरीज के साथ मैं फिल्में भी कर रहा हूं।

**आपकी ताजातरीन वेब सीरीज राना नायडू में सितारों का मेला लगा हुआ है, तो इसका हिस्सा बनते हुए मन में कोई असुरक्षा थी कि आपकी भूमिका क्या आकार लेगी?**

अगर आप मेरा करियर देखेंगी तो मैं इंडस्ट्री के तमाम बड़े सितारों के साथ काम कर चुका हूं। मैंने कई मल्टी स्टार कास्ट फिल्में भी की हैं, तो मैं कभी भी किसी इंसिक्योरिटी के साथ नहीं आता। एक अभिनेता के रूप में जब आप स्क्रिप्ट पढ़ रहे होते हैं, तो आपको कुछ उस वक्त फैसला लेना होता है कि क्या मैं इस किरदार के साथ इंसाफ कर पाऊंगा? क्या अभिनेता के रूप में यह मुझमें कुछ जोड़ेगा? उस वक्त अपने निर्देशक के साथ रोल को लेकर आपके सारे डिस्कशन हो जाने चाहिए। आपको कुछ कमी लग रही है, तो उस पर भी बात हो जानी चाहिए, ताकि सेट पर सब कुछ स्पष्ट रहे। मुझे जब इस भूमिका का प्रस्ताव मिला, तो यह किरदार मुझे काफी जटिल लगा। जिसके कारण इसकी लेयरिंग भी थी। मैंने निर्देशक करण अंशुमन से सारी चीजें डिस्कस करने के बाद यही कहा कि आप जब लिखेंगे, तो मेरे किरदार को ऐसे लिखिएगा कि मुझे उसे निभाते हुए थोड़ी छूट मिल सके।



# यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के

# सर्वांगीण विकास की राह में बढ़ते कदम...

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश



नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास,
उत्तर प्रदेश सरकार



- **औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन** : प्राधिकरण ने कलस्टर आधारित उद्योगों के विकास हेतु प्रभावी कार्यवाही की है। प्राधिकरण के औद्योगिक सैक्टरों में MSME पार्क, टॉय सिटी एवं हैण्डीक्राफ्ट पार्क एवं अपैरल पार्क का विकास किया गया है। वित्तीय वर्ष 2017 से 31 जनवरी 2024 तक कलस्टर आधारित औद्योगिक पार्कों एवं मिश्रित भू–उपयोग में कुल 2209 औद्योगिक ईकाईयों की स्थापना हेतु भूमि का आवंटन किया गया है। इन उद्योगों के स्थापना से प्राधिकरण क्षेत्र में लगभग रु. 31,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा तथा 3,61,593 लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी।
- **मेडिकल डिवाईस पार्क** : भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत मेडिकल डिवाईस पार्क की स्थापना यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण द्वारा सैक्टर–28 में की जा रही है। मेडिकल डिवाईस पॉलसी के अन्तर्गत रु. 100 करोड़ का ग्रान्ट भारत सरकार द्वारा दिया जाना है जिसके सापेक्ष रु. 30 करोड़ प्राप्त हो चुके हैं। मेडिकल डिवाईस पार्क में इकाईयों की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा सैद्धान्तिक अनुमति में वर्णित विशेष प्रोत्साहन लाभ प्रदान करने हेतु फार्मास्यूटिकल मैन्यूफैक्चरिंग नीति–2018 (यथा संशोधित) के प्रस्तर–12.5 के तहत प्रस्ताव पर मा. मंत्री परिषद द्वारा दिनांक 14.06.2022 को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। Scheme for promotion of Medical Devices Park के अनुसार मेडिकल डिवाईस पार्क योजना–02 वर्ष में क्रियान्वित की जानी है। मेडिकल डिवाईस पार्क योजना के अन्तर्गत फेज–1 में 35, फेज–2 में 23 एवं फेज–3 में 14 भूखण्डों का आवंटन हो चुका है। इस योजना में लगभग 3,800 करोड़ का निवेश प्राप्त होगा साथ ही 15,000 रोजगार का सृजन होगा।
- **इन्टरनेशनल फिल्म सिटी** : उ.प्र. में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी के स्थापना की उ.प्र. शासन की परिकल्पना ने लिया आकार। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकसित क्षेत्र में 230 एकड़ में फिल्म सिटी की स्थापना हेतु निर्माता निर्देशक बोनी कपूर एवं भूटानी इंफ्रा कम्पनी Bayview Projects LLP इनके द्वारा ड्रांईग डिजाईनिंग डीपीआर तैयार किया जा रहा है।
- **नॉयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर** : नॉयडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर नागरिक उड्डयन विभाग, उ.प्र. शासन की पी.पी.पी. मोड पर आधारित परियोजना है। इसका विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान क्षेत्र इन्टरनेशनल एयरपोर्ट एण्ड एविएशन हब के अन्तर्गत 1334 हेक्टेयर क्षेत्र में जेवर के निकट किया जा रहा है। इस हेतु 1334 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है तथा भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियों से सभी प्रकार की एन.ओ.सी. एवं इन्वारयमेंट क्लीरेन्स प्राप्त हो चुका है। ग्लोबल बिडिंग प्रकिया से Zurich Airport International AG का चयन कंसेशनायर/ विकासकर्त्ता के रूप में किया गया है। समस्त भूमि का कब्जा विकासकर्त्ता को प्रदान किया जा चुका है तथा विकास हेतु Master Plan एवं Development Plan अनुमोदित किया जा चुका है। वर्तमान में विकासकर्त्ता Yamuna International Airport Pvt. Ltd. जो Zurich Airport International AG की SPV है, के द्वारा Terminal Building, रनवे, ATC Building के निमार्ण कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में 12 मिलियन यात्रियों के लिए एयरपोर्ट का निर्माण होगा जिसमें रु. 5,730 करोड़ की धनराशि कम्पनी द्वारा व्यय की जाएगी। एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थपना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढेगें, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा साथ ही पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।
- **हेरीटेज सिटी** : राया नगरीय केन्द्र (वृन्दावन) प्राधिकरण की महायोजना में शासन द्वारा अनुमोदित है, जहॉ प्राधिकरण द्वारा हेरीटेज सिटी के रूप में विकास किये जाने की योजना है। इसके अध्ययन हेतु M/s CBRE South Asia Pvt. Ltd. को परामर्शदाता के रूप में चयन किया गया है। ब्रज विकास परिषद के सुझाव पर इसका विकास श्री बांकेबिहारी मंदिर के समीप ग्रीनफील्ड एरिया में किया जाएगा जहॉ पर पूर्व से ही भगवान श्रीकृष्ण से सम्बन्धित कई पौराणिक स्थल मौजूद हैं। इस योजना में यमुना एक्सप्रेसवे से श्री बांकेबिहारी मन्दिर हेतु ग्रीनफील्ड कनेक्टविटी प्रदान की जाएगी साथ ही रिवर फ्रन्ट, योग केन्द्र, प्रार्थना स्थल आदि का भी विकास हेरीटेज सिटी में सम्मिलित है। इसका DPR कंसलटेन्ट द्वारा तैयार किया जा रहा है। DPR के अनुमोदन के उपरान्त विकासकर्त्ता का चयन पी.पी.पी. मोड पर किया जाएगा। मास्टर प्लान दिनांक 21.10.2024 को शासन से अनुमोदित हो गया है।
- **ग्रुपहाउसिंग भूखण्डों का आवंटन** : प्राधिकरण द्वारा दिनांक 01.08.2024 को सैक्टर–18 एवं 22डी ग्रुपहाउसिंग भूखण्ड योजना (वाई.ई.ए.–जीएच–08/2024) लायी गई थी उक्त योजना में कुल 9 भूखण्डों का आवंटन किया जा चुका है।
- **डेटा सेन्टर पार्क** : सैक्टर–28 में डेटा सेन्टर पार्क 50 एकड़ में विभिन्न आकार के 6 भूखण्ड़ों के आवंटन की योजना लायी गयी है। डेटा सेन्टर पार्क और एविएशन हब के बीच 2.5 कि.मी. की दूरी है। डेटा सेन्टर पार्क के अन्तर्गत 2 भूखण्ड़ों का आवंटन हो चुका है।
- **संस्थागतः** प्राधिकरण के संस्थागत उपयोग हेतु शिक्षण संस्थानों की स्थापना हेतु प्रभावी कार्यवाही की गयी है। प्राधिकरण के संस्थागत सैक्टरों में Degree College, PG College, Medical College, Management Institute/Technical Institute, Vocational College/Institute, Sport College/Sports Academy, Senior/Higher Secondary School, Integrated Residential Schools, Nursery School, Hospital, Nursing Home, Corporate Office etc. के उपयोग हेतु कुल 238 भूखण्डों का आवंटन किया गया है।
- **ग्रामों का सैक्टरों की तर्ज पर स्मार्ट विलेज के रुप में विकास** : प्रथम फेज में प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित क्षेत्र के कुल 29 औद्योगिक नगरों को स्मार्ट विलेज के रुप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। 06 औद्योगिक नगरों निलौनी, रामपुर बांगर, अच्छेजा बुजुर्ग, डूंगरपुर रीलका, मिर्जापुर व रुस्तमपुर का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। 13 औद्योगिक नगरों (सलारपुर, मूंजखेडा, चपरगढ़, (माजरा–मिर्जापुर), गुनपुरा, मुरादगढ़ी, मौहम्मदपुर गुर्जर, खेरली भाव, औरंगपुर, अट्टा गुजरान, दनकौर जगनपुर, अफजलपुर, रौनिजा एवं चाँदपुर) में कुल रु. 9584.08 लाख के विकास कार्य प्रगति में है। शेष 11 औद्योगिक नगरों के प्राक्कलन तैयार किया जाना प्रस्तावित है।
- **प्राधिकरण के 96 औद्योगिक नगरी क्षेत्रों के अन्तर्गत स्कूलों के कायाकल्प के कार्यः** आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों को अवस्थापना से संतृप्त कराये जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कराये गये सर्वे में 14 मानकों के अन्तर्गत 89 प्राईमरी स्कूल तथा 34 जूनियर हाई स्कूल में कार्य पूर्ण कराये जा चुके है।
- **अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय** :

  प्राधिकरण सीमा के अन्तर्गत आने वाले 15 विद्यालयों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की गयी है, जिसमें नयी शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप "At Grade Learning" की अवधारणा के आधार पर उक्त चिन्हित विद्यालयों में पढ रहें बच्चों को विश्वस्तरीय एवं आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं के साथ बेहतर शैक्षणिक परिवेश में शिक्षा प्रदान करने के उददेश्य से परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसके अन्तर्गत विद्यालय में 05 कक्षों से युक्त 01 एकीकृत भवन का निर्माण किया जाएगा, जहॉ निम्नलिखित आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगा:

  • Library with dedicated reading Corner • Computer lab with language lab solution • Modular composite (Math & Science) laboratory • High-tech Smart class by interactive display smart board with virtual class room • Staff room with attached toilet

  अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप डिजिटल शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के उददेश्य से बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापरख शिक्षा उपलब्ध करानें के लिए आधुनिक स्मार्ट क्लास शैटअप को भी तैयार किया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा कुल 12 विद्यालयों को दो चरणों में अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के रूप में विकसित किये जाने हेतु कार्य प्रगति में है।

Yamuna Expressway Industrial Development Authority
YEIDA
FUTURE IS HERE

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा 201308, जनपद–गौतमबुद्ध नगर

Tollfree No. : 180018 08296 वेबसाईट: www.yamunaexpresswayauthority.com